कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।
E-Mail : cfkumaon_north@rediffmail.com ☎ (05962) 231099 (05962) 230397 Fax 230397
पत्रांक 911 /12–1 दिनांक, अल्मोड़ा, 21/9/.2017.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।

विषय :– रिखाड़ी वाछम मोटर मार्ग किमी0 40 से कुवारी मोटर मार्ग (प्रस्ताव संख्या 23224/2016)।

संदर्भ :– आप द्वारा प्रेषित ऑन लाईन प्रस्ताव दिनांक 16.09.2017.

महोदय,

आपके द्वारा दिनांक 16.09.2017 को उक्त प्रकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव ऑन लाइन किया गया है। इस कार्यालय से स्पष्ट निर्देशो के पश्चात भी प्रस्ताव से सम्बन्धित हॉड कॉपी इस कार्यालय को भी उपलब्ध नही करायी गयी है, जिस कारण आपके द्वारा प्रपत्र 2 ऑन लाइन से सूचित सूचनाओं का मिलान हॉड कॉपी की सूचनाओं से किया जाना एवं इस प्रस्ताव को अग्रसारित करना भी सम्भव नही हो पा रहा है।

2– आपके द्वारा ऑन लाईन के माध्यम से प्रेषित एस0आई0आर रिपोर्ट में निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम, पदनाम व कार्यालय की सील नही है जिसे स्पष्ट किया जाय। उपरोक्त के अतिरिक्त मोटर मार्ग में प्रभावित भूमि का है0 स्पष्ट नही है तथा मोटर मार्ग का नाम भी स्पष्ट नही है। इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रारूप – 7 स्पष्ट एवं पठनीय भरा जाय, यदि मोटर मार्ग का नाम अंग्रेजी में लिखने में लिपिकबद्ध कठिनाईयां आती हो तो मोटर मार्ग का नाम साफ–साफ हिन्दी में अंकित किया जाय।

अतः आपके द्वारा ऑन लाईन प्रेषित प्रस्ताव वापस किया जाता है। कृपया तत्काल अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर प्रस्ताव भेजें।

भवदीय

(डॉ0 आई0पी0 सिंह)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।